www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-205 सागवाड़ा, शनिवार, 2 अप्रेल, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# उत्साह और उल्लास से मनाया हिंदू नव वर्ष

## शहर व गांवों में निकाली शोभायात्रा, जय श्री राम के साथ माहौल भगवामय हुआ

सागवाड़ा। हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि पर शनिवार को सागवाड़ा में नववर्ष स्वागत समिति की ओर से शनिवार सुबह में शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा सचिव श्याम भट्ट के नेतृत्व में गामठवाड़ा से प्रारंभ होकर गोल चौराहा, नेहरु बाजार, उपाध्याय मार्केट, महिपाल स्कूल, नया बाजार, सदर बाजार, नीमा स्ट्रीट, मांडवी चौक, शुक्लवाड़ा, परमारवाड़ा, सलाटवाड़ा, भावसार वाड़ा, पोल का कोठा, कलालवाड़ी होते हुए महिपाल खेल मैदान में समाप्त हुई। शोभायात्रा में डीजे के साथ भव्य झांकियां चल रही थी।







शोभायात्रा के दौरान बड़ी संख्या में युवा एवं महिलाएं भगवा ध्वज लहराकर चल रहे थे। गोल चौराहे पर नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोड़निया, बन्धु पाठक, पार्षद इंद्रजीत मकवाणा, प्रदीप जोशी, खुशपाल गलालिया, ललित पंचाल ने शोभायात्रा में चल रहे लोगों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह पर नगरवासियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। भीषण गर्मी को देखते हुए व्यापारियों ने शोभायात्रा में चल रहे लोगों के लिए जगह-जगह पर पानी के केम्पर रखवाए। वैभव पवन गोवाडिया की ओर से लस्सी की व्यवस्था तथा माण्ड़वी चौक पर सिन्धी समाज की ओर से श्रद्धालुओं के लिए शर्बत की व्यवस्था की गई। इस दौरान कन्हैयालाल भाटिया, डॉ. महेश शुक्ला, राजेश जोशी, जितेन्द्र सुथार, कमलेश्वरी गुप्ता, नगर कार्यवाह अनुराग पाठक, दशरथ खटीक, सांसद कनकमल कटारा, प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा, वासुदेव बरजोड़, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, भूपेश पंवार, विपुल पंचाल मौजूद रहे। स्वराज-75 नववर्ष स्वागत समिति के तत्वावधान में संस्कार भारती इकाई एवं अन्य संगठनों की ओर से हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर शुक्रवार देर शाम मांड़वी चौक पर भजन संध्या का आयोजन हुआ। स्वागत समिति अध्यक्ष हरीश सोमपुरा, श्याम भट्ट, निखिल गुप्ता, मंगलेश वाडेल, ललित भावसार, नीरज पंचाल, किशोर सेवक, सत्यनारायण सोनी, पूर्व विधायक अनिता कटारा, आशा पाटीदार ने कला साधकों का उपरणा से सम्मान किया।

भजन संध्या का शुभारंभ भूपेश पुरोहित जेठाणा के शंखनाद से हुआ। पुरोहित ने करीब दो मिनट 37 सेकेण्ड तक वादन किया। मुकेश भावसार ने संस्कार भारती का ध्येय गीत, भूपेश पुरोहित ने राग करवा में 'राधे-कृष्णा की धुन', दीपक भावसार ने 'तेरे दरबार की हकीकत', भावना पंचाल ने 'मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायगें राम आयेगे', मानस मंडल के किशोर भावसार एवं दल ने महादेव और राम के भजन, जनजाति बस्ती के गटू महाराज एवं दल ने सुन्दर भजनों की प्रस्तुति दी। प्रगति पंचाल, प्रांजल भावसार, कन्हैयालाल पुरोहित, ज्योत्सना पंड्या गरबा रास एवं भजनों की प्रस्तुति दी। ओरगन पर चिराग गुप्ता एवं दीपक भावसार, ओक्टोपेड पर नरेश खिंची, ढोलक पर प्रणय सोनी, वॉयलिन पर हितेश सुथार और तबले पर भूपेश पुरोहित ने संगत दी।



शोभायात्रा में स्वयंसेविका व पूर्व विधायक अनिता कटारा शौर्य प्रदर्शन करते



हिन्दू नववर्ष पर ग्रमीण क्षेत्र में मातृशक्ति शौर्य प्रदर्शन करते हुये





शोभायात्रा का पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया व पार्षद स्वागत करते

## नागदा युवा महासमेलन 3 अप्रैल को, 55 गांवों समेत देशभर से हजारों युवा होंगे शामिल

**डूंगरपुर।** जिले में समाज में आ रहे बदलाव और युवाओं को मार्गदर्शन के लिए नागदा युवा महासम्मेलन कल 3 अप्रैल को होगा। सम्मेलन में नागदा समाज के तीन चौखलो के 55 गांवों और देशभर से जैन युवा शामिल होंगे। सम्मेलन को लेकर जैन नागदा जैन समाज ने तैयारियां पूरी कर ली है।

सकल बिसा नागदा नवयुवक मंडल डूंगरपुर की ओर से ये युवा महासम्मेलन होने जा रहा है। नागदा युवा महासम्मेलन आयोजक के संयोजक मुकेश नागदा, अध्यक्ष भावेश जैन, सचिव सुनील जैन, ऑर्गेनाइजर नीरज जैन ने आज पत्रकार वार्ता में बताया की नागदा जैन समाज के युवाओं को एकजुट करने के साथ ही उन्हें मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से 3 अप्रैल रविवार के दिन कार्यक्रम होगा। महासम्मेलन में वागड़, मेवल ओर छप्पन चोखलों के 55 गांवों समेत मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर और देश के कई हिस्सों में रहने वाले नागदा जैन समाज के युवा शामिल होंगे। अध्यक्ष भावेश जैन ने बताया की कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू हो जाएगा। शहर में विजयाराजे सिंधिया ऑडिटोरियम हॉल में यह कार्यक्रम होगा। सुबह रजिस्ट्रेशन, एजुकेशन स्टॉल विजिट होगा। इसके बाद 10 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन और अतिथि सम्मान होगा।

मोटिवेशनल स्पीकर राकेश जैन की ओर से सभी युवाओं को क्रिएटिव बिजनेस इनोवेटर को लेकर मोटीवेशन किया जाएगा। रंगारंग कार्यक्रमों के साथ नाटक के कार्यक्रम होंगे। आयोजक मुकेश नागदा ने बताया की महाममेलन में जैन माइनोरिटी के फायदे को लेकर जागरूक किया जाएगा। बदलते परिवेश में बिजनेस को लेकर समाज के सफल व्यापारियों की ओर से युवाओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट लोगो का सम्मान भी किया जाएगा।

## 62 हजार रुपए की अकाउंटेंट की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3.28 लाख ठगे

### कुवैत ले जाकर 25 हजार में झाड़ू पोंछे का काम दिया, मामला दर्ज

**डूंगरपुर।** जिले में कुवैत में मोटी कमाई और अकाउंटेंट की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

कोतवाली थाने के थानाधिकारी दिलीपदान चारण ने बताया की मोहम्मद आकिब पुत्र हाफिज खान निवासी सीमलवाड़ा हाल लालपुरा डूंगरपुर की रिपोर्ट पर केस दर्ज किया है। मोहम्मद आकिब खान ने रिपोर्ट में बताया की उसने 2017 में बीकॉम की डिग्री पूरी कर नौकरी की तलाश कर रहा था। उसी समय फरहान मकरानी पुत्र फैयाज मकरानी निवासी मोहल्ला कच्ची बस्ती डूंगरपुर ने आकर उसे कुवैत में अकाउंटेंट की अच्छी नौकरी दिलाने की बात कही। फरहान ने कुवैत की एक कंपनी में 250 दीनार (करीब 62 हजार रुपए) की नौकरी दिलाने का लालच दिया। इसके लिए फरहान ने उससे 3 लाख 28 हजार रुपए और पासपोर्ट मांगा। मोहम्मद आकिब ने बताया की फरवरी 2019 में उसके मामा मकबूल खान की मौजूदगी में मांगे 3.28 लाख रुपए और पासपोर्ट दे दिए। बावजूद फरहान ने वीजा नहीं भेजी। इस पर दिए गए रुपए वापस मांगे तो कुछ दिनों बाद फरहान ने एक कंपनी की वीजा भेजी, जिसमें अकाउंटेंट की नौकरी का कोई जिक्र नहीं था। फिर भी आरोपी फरहान उसे अकाउंटेंट की नौकरी होने का भरोसा दिलाता रहा। 14 दिसंबर 2019 को वह कुवैत चला गया। फरहान उसे एक कंपनी में ले गया, जहा उसे अकाउंटेंट की नौकरी नहीं देकर 100 दीनार में झाड़ू पौछे के काम के लिए लगा दिया। इस काम से मना करने पर उसने पासपोर्ट छीन लिया और दिया गया काम नहीं करने पर फंसाने की धमकी दी। डर के कारण वह काम करता रहा। इसके बाद अपने मिलने वालो से सहयोग लेकर जैसे तैसे अपने घर आया। मोहम्मद आकिब खान ने कच्चीबस्ती निवासी फरहान मकरानी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया है। मामले की जांच एएसआई अमृतलाल की ओर से की जा रही है।

## 4 हजार लीटर महुआ वाश किया नष्ट, 115 लीटर महुआ शराब की जब्त

### कुंआ थाना पुलिस की अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, आरोपी मौके से फरार

**सीमलवाड़ा।** जिले की कुआ थाना पुलिस ने मेडीटेम्बा व माली गांव में कडाना बेक वाटर क्षेत्र में दबिश देकर अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने मौके पर अवैध शराब बनाने की भट्टिया, 4 हजार लीटर महुआ वाश व 115 लीटर निर्मित अवैध देशी महुआ शराब जब्त की है। वही मौके से आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है । डूंगरपुर जिले के कुआ थाने के थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान ने बताया की जिले में एसपी सुधीर जोशी ने निर्देश पर अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मुखबिर के जरिये थाना क्षेत्र के मेडीटेम्बा व माली गाँव में कडाना बेक वाटर क्षेत्र में अवैध देशी महुआ शराब बनाने की सुचना मिली थी। जिस पर कुआ थाना थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान के नेतृत्व में कुआ थाना पुलिस की दो अलग-अलग टीमो ने दोनों गाँवों में दबिश दी। इस दौरान मौके पर भट्टियो पर अवैध रूप से देशी महुआ शराब बनाई जा रही थी।

इधर पुलिस को मौके पर देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मेडीटेम्बा गाँव में कडाना बेक वाटर क्षेत्र में 10 प्लास्टिक की टंकियो में भरा 3200 लीटर महुआ वाश व भट्टियो को नष्ट किया। वही मौके से 85 लीटर महुआ शराब जब्त की। इसी तरह कुआ थाना पुलिस की दूसरी टीम ने माली गाँव के कडाना बेक वाटर क्षेत्र में दबिश दी। जहा पर भी आरोपी पुलिस को देखकर फरार हो गया। वही पुलिस ने मौके पर अलग-अलग टंकियो में भरा 800 लीटर महुआ वाश और शराब बनाने की भट्टियो को नष्ट किया। यहाँ से पुलिस ने 35 लीटर महुआ शराब जब्त की। इधर कुआ थाने के थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान ने बताया की दोनों मामलों में कुल 4 हजार लीटर महुआ वाश नष्ट कर 115 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। वही उन्होंने बताया की मेडीटेम्बा निवासी अखमा उर्फ़ अम्बा पिता कतिया सरपोटा और माली गाँव निवासी कावा के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।